न्यूज डायरी



## तालिबान को पनाह देना बंद करे पाक तो कुछ हफ्तों में खत्म हो जाएगा अफगान युद्ध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के एक शीर्ष सीनेटर ने कहा कि पाकिस्तान अगर अपने यहां तालिबान को पनाह देना बंद कर दे तो कुछ हफ्तों में ही अफगानिस्तान में जारी युद्ध समाप्त हो जाएगा। सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा कि अमेरिका को अफगानिस्तान में युद्ध समाप्त करने के लिए तालिबान के बजाय पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। ग्राहम ने सोमवार को 'फॉक्स चौनल' को दिए एक इंटरव्यू में कहा, श्तालिबान के साथ बातचीत कर मुझे लगता है हम गलती कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हमें जो करना चाहिए वह पाकिस्तान से बातचीत है। अगर पाकिस्तान तालिबान को उसके क्षेत्र में पनाह देना बंद कर दे तो अफगानिस्तान में कुछ सप्ताह में ही युद्ध समाप्त हो जाएगा। गौरतलब है कि अमेरिका ने गत शनिवार को ही कतर में तालिबान से एक बार फिर बातचीत शुरू की है। करीब तीन महीने पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अचानक बातचीत बंद कर दी थी।

## देश में जारी जातीय हिंसा के बीच नोबेल शांति पुरस्कार लेंगे इथियोपिया के पीएम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओस्लो। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद को मंगलवार को ओस्लो में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। लेकिन अपने देश में हो रही जातीय हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर उन्होंने जश्न को सीमित रखने के साथ ही मीडिया से बातचीत नहीं करने का मन बना लिया है। आधुनिक एवं सुधारवादी नेता के रूप में मशहूर अहमद के मीडिया के सभी कार्यक्रमों से नदारद रहने के फैसले से हालांकि उनके नॉर्वेजियन मेजबान खफा हैं। ओस्लो के सिटी हॉल में 43 वर्षीय अहमद को स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे सम्मानित किया जाएगा। नोबेल समिति ने पड़ोसी दुश्मन एरीट्रिया के साथ लंबे समय से चल रहे संघर्ष को हल करने के प्रयास के लिए उन्हें यह पुरस्कार देने की घोषणा अक्टूबर में की थी।

## चेक गणराज्य के अस्पताल में गोलीबारी, छह लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्राग। चेक गणराज्य के पूर्व में स्थित ओस्त्रोवा शहर में एक बंदूकधारी ने अस्पताल में गोलीबारी की जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री आंद्रेज बेबिस ने चेक पब्लिक टेलीविजन को बताया कि प्रतीक्षा कक्ष में गोलीबारी की घटना हुई। हमलावर ने करीब से लोगों पर गोलियां चलायीं। पुलिस ने एक ट्वीट में बताया कि अस्पताल में गोलीबारी करने वाला संदिग्ध भी मृत मिला। उसने अपने सिर में खुद गोली मार ली। पुलिस ने बताया, "बंदूकधारी का पता चल गया है। पुलिस हरकत में आयी इससे पहले ही उसने सिर में खुद गोली मार ली।''गोलीबारी की घटना ओस्त्रोवा शहर के यूनिवर्सिटी अस्पताल में मंगलवार सुबह सात बजे के करीब हुई।

## नरसंहार पर सुनवाई के लिए सू ची पहुंचीं अंतरराष्ट्रीय न्यायालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** द हेग। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित आंग सान सू ची मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अदालत में पहुंचीं, जहां वह रोहिंग्या मुसलमानों के नरसंहार के आरोपों पर खुद म्यांमा की पैरवी करेंगी। बर्मा का परंपरागत परिधान पहने हुए नागरिक नेता वहां मौजूद मीडिया से कोई बात नहीं की। वह कार से बाहर निकलीं ओर द हेग में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के परिसर में चली गईं।

## पाक में महिला पोलियो कार्यकर्ता की हत्या

पेशावर। उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में तीन पहिया वाहन में जा रही महिला पोलियो कार्यकर्ता की गोली मार कर हत्या कर दी गई। हमले में वाहन चालक घायल हो गया।हमला सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में हुआ, जिसमें बिस्ताज बीबी नाम की महिला की मौत हो गई और चालक अब्दुल रउफ घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# नागरिकता संशोधन बिल पर भड़का पाकिस्तान

दखल

### पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसे पड़ोसी देशों के मामलों में दखल बताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने भारत के नागरिकता संशोधन विधेयक को पक्षपातपूर्ण बताया और इसे नई दिल्ली का पड़ोसी देशों के मामलों में दखल का दुर्भावनापूर्ण इरादा बताया। वहीं, पाक के प्रधानमंत्री इमरान खान ने फिर जहर उगलते हुए इस विधेयक को आरएसएस के हिंदू राष्ट्र की अवधारणा की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम करार दिया है।

पाक के विदेश मंत्रालय ने मध्य रात्रि के बाद एक बयान जारी किया। उसमें कहा गया है, हम इस विधेयक की निंदा करते हैं। यह भेदभावपूर्ण है और सभी संबद्ध अंतरराष्ट्रीय संधियों और मानदंडों का उल्लंघन करता है। यह पड़ोसी देशों में दखल का भारत का दुर्भावनापूर्ण प्रयास है। इसमें कहा गया कि इस कानून का आधार झूठ है और यह धर्म या आस्था के आधार पर भेदभाव को हर रूप में खत्म करने संबंधी मानवाधिकारों की वैश्विक संकल्पों और अन्य अंतरराष्ट्रीय संधियों का पूर्ण रूप से उल्लंघन करता है।

इस वक्तव्य में कहा गया कि यह विधेयक क्षेत्र में कट्टरपंथी हिंदुत्व विचारधारा और प्रभावी वर्ग की महत्वकांक्षाओं का मेल है और धर्म के आधार पर पड़ोसी देशों के आंतरिक मामलों में दखल का इरादा स्पष्ट होता है। पाकिस्तान इसे पूरी तरह से अस्वीकार करता है। इसमें कहा गया, भारत का यह दावा भी झूठा है जिसमें वह खुद को उन अल्पसंख्यकों का घर बताता है जिन्हें पड़ोसी देशों में कथित तौर पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय संधियों और द्विपक्षीय समझौते का हवालाः** वक्तव्य के मुताबिक, लोकसभा में लाया गया विधेयक पाकिस्तान और भारत के बीच हुए दोनों देशों के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े समझौते समेत विभिन्न द्विपक्षीय समझौतों का भी पूर्ण रूप से विरोधाभासी है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार की ओर से लाया गया यह विधेयक हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को वास्तविक रूप देने की दिशा में एक प्रमुख कदम है, जिस अवधारणा को कई दशकों से दक्षिणपंथी हिंदू नेताओं ने पाला–पोसा। इमरान ने अपने ट्वीट में भारत–पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय समझौते का जिक्र किया है।



**इमरान खान का ट्वीट**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने आज ट्वीट किया, भारतीय लोस के द्वारा नागरिकता विधेयक को पारित किए जाने की हम कड़ी निंदा करते हैं। यह बिल अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों और पाकिस्तान के साथ हुए द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन है। यह आरएसएस के हिंदू राष्ट्र की अवधारणा का एक हिस्सा है और फासिस्ट मोदी सरकार का प्रपंच उजागर करता है।

**फिर छेड़ा कश्मीर का राग**


पाक विदेश मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर में भारत की कार्रवाई से 80 लाख लोग प्रभावित हुए है और इससे सरकारी नीतियों का पता चलता है। विधेयक ने लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के दावों के खोखलेपन को उजागर किया है। इसके पीछे बहुसंख्यक अजेंडा है और इसने आरएसएस–बीजेपी की मुस्लिम विरोधी मानसिकता को विश्व के सामने ला दिया है।

## बिलावल को उम्मीद, आसिफ अली जरदारी को मेडिकल ग्राउंड पर मिलेगी जमानत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि डॉक्टरों ने उनके पिता व पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की एक मेडिकल रिपोर्ट तैयार की है, जिसे बुधवार को अदालत में पेश कर उनकी जमानत हासिल की जाएगी।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, जरदारी को जून 2019 में फर्जी बैंक खातों के मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किया गया था। वह वर्तमान में रावलपिंडी की अदियाला जेल में है। पीपीपी अध्यक्ष ने सोमवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हमें उम्मीद है कि मेडिकल रिपोर्ट 11 दिसंबर को अदालत में पेश की जाएगी, और जरदारी और फरयाल तालपुर के लंबित जमानत अनुरोधों को मंजूरी दी जाएगी। हम आशा करते हैं कि अदालतों द्वारा न्याय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट अदालत में पेश की जाएगी, जो चिकित्सा आधार पर जमानत के बारे में फैसला करेगी। फिर, हम जरदारी को कराची के एक अस्पताल में भर्ती कराएंगे। बिलावल ने विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी को सरकार द्वारा उन्हें चुप कराने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दबाव रणनीति करार दिया। उन्होंने कहा, श्हम चुप नहीं रहेंगे और ना ही हम पीछे हटेंगे।



34 साल की सना मारिन को फिनलैंड की कमान


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हेलिंस्की। राजीनितक अस्थिरता के दौर से गुजर रहे फिनलैंड की कमान 34 साल की सना मारिन को सौंपी गई है। सना सबसे कम उम्र की प्रधानमंत्री बनने जा रही हैं जो महिला नेतृत्व से भरी कैबिनेट का प्रतिनिधित्व करेंगी। देश की सत्ताधारी सोशल डेमोक्रैटिक पार्टी काउंसिल ने प्रधानमंत्री एंटी रिनी के इस्तीफे के बाद चुना है। सना ने कहा कि वह नई जिम्मेदारी उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 2015 में सना संसद सदस्य के रूप में निर्वाचित हुईं। पहली बार वह 2019 में सरकार में शामिल हुईं और उन्होंने ट्रांसपॉर्ट और कम्युनिकेशन मंत्रालय का पद संभाला।

# चिली में सैन्य विमान 38 यात्रियों के साथ लापताः वायुसेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सैंटियागो। अंटार्कटिका जा रहा चिली का एक सैन्य विमान सोमवार को लापता हो गया। विमान में 38 लोग सवार हैं। देश की वायुसेना ने एक बयान में इसकी पुष्टि की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, बयान में कहा गया है कि हरक्यूलिस सी130 विमान ने सोमवार शाम 4.55 बजे पुंटा एरिनास के चेबुन्को एयर बेस से उड़ान भरी और शाम 6.13 बजे उसका रेडियो संपर्क टूट गया।

ड्रेक जलमार्ग क्षेत्र में लापता हुआ था विमान बयान में कहा गया है कि विमान ने दक्षिणी शहर पुंटा एरिनास से अंटार्कटिका के एडुआर्डो फ्रेई मोंटाल्वा एयर बेस के लिए रवाना हुआ था। इसमें 17 क्रू सदस्य और 21 यात्री सवार थे।



बीबीसी के मुताबिक, बयान में आगे कहा गया है कि विमान अपनी 770 मील की यात्रा में लगभग 450 मील की दूरी तय कर चुका था, जब उससे संपर्क टूट गया। विमान उस समय ड्रेक जलमार्ग के दायरे में था।

ड्रेक जलमार्ग दक्षिण अटलांटिक और दक्षिण प्रशांत महासागरों को जोड़ता है और अस्थिर मौसम स्थितियों के लिए जाना जाता है।

**विमान लापता होने के वक्त मौसम अच्छा था**

वायुसेना ने कहा कि विमान के लापता होने के समय स्थानीय मौसम अच्छा था। वायुसेना के जनरल एडुआर्डो मस्जिदिरा ने स्थानीय मीडिया को बताया कि विमान ने किसी भी संकट संकेत को सक्रिय नहीं किया है। चिली के राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिनेरा ने कहा कि वह इस घटना से निराश हैं और राजधानी सैंटियागो से स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## ब्रिटेन में हो रहे चुनाव में कश्मीर बेरोजगारी, गरीबी, ब्रैक्जिट और टैक्स भी मुद्दा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ब्रिटेन में दो दिन के बाद चुनाव हैं। इन दिनों ब्रिटेन में मुख्यतः कंजर्वेटिव और लेबर पार्टियों के बीच चुनाव प्रचार जोरों पर है। यही दोनों पार्टियां यहां की सबसे बड़ी पार्टियां हैं। दोनों पार्टियों ने अलग–अलग इलाके में कब्जा कर रखा है। बताया जाता है कि ब्रिटेन का सबसे बड़ा शहर मैनेचेस्टर हो या ब्रैडफर्ड, ये दोनों शहर लेबर पार्टी के गढ़ है यहां कंजर्वेटिव पार्टी का वजूद कम ही दिखता है।

कश्मीर पर लेबर पार्टी के स्टैंड को भारत–विरोधी माना जा रहा है जिसके कारण भारतीय मूल के अधिकतर लोग लेबर पार्टी से नाराज हैं। इसके बाद भी इन लोगों का मन केवल कश्मीर मुद्दे पर वोट देने का नहीं है। इसके अलावा वो बेरोजगारी, गरीबी, ब्रैक्जिट और टैक्स आदि मुद्दों को लेकर भी वोट करने की रणनीति बना रहे हैं। भारतीय मूल के 15 लाख लोग यहां आबाद हैं। इनमें पांच लाख सिख, तीन लाख भारतीय मुस्लिम और एक लाख से अधिक दक्षिण भारतीय हैं। सिख समुदाय हमेशा से लेबर पार्टी के साथ रहा है, इसमें कोई खास परिवर्तन नहीं दिखाई देता है।